**एवी-31021/1/2023-सीएनडब्ल्यू-एमओसीए**
**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
*******

**राजीव गांधी भवन, बी-ब्लॉक,**
**सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली**

**नवंबर, 2023**

अधोहस्ताक्षरी को **अक्तूबर**, 2023 माह की प्रमुख गतिविधियों और इस दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय के मासिक सारांश को सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश दिया गया है।

13/11/23

**(सत्येंद्र कुमार मिश्रा)**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**

सत्येन्द्र मिश्रा / S.K. Mishra
संयुक्त सचिव / Joint Secretary
नागर विमानन मंत्रालय / Ministry of Civil Aviation
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली–110003 / New Delhi-110003

**सेवा में**

1. **मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।**
2. **प्रेस सूचना अधिकारी (पीआईओ), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।**

सारांश की एक प्रति के साथ, निम्नलिखित को अग्रेषित:-

1. सचिव, दूरसंचार विभाग, संचार भवन, नई दिल्ली।
2. सचिव, विधायी विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. सचिव, शिक्षा विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. सचिव, सांख्यिकी विभाग, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली।
6. सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
8. सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, युवा मामले और खेल मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यटन विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।

11. सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, पोत परिवहन विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।
13. मंत्रिमंडल सचिवालय (संयुक्त सचिव), राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

**सारांश की प्रति सहित प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी अग्रेषित:-**

1. निदेशक (एम एंड सी), नागर विमानन, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
2. इकाओ परिषद की आरओआई, 999, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट, सुइट 14.30, मॉन्ट्रियल क्यूबेक, कनाडा H3C5J9

## अक्तूबर, 2023 माह की विस्तृत मासिक सूचना

माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:

### नागर विमानन मंत्रालय

1. जनवरी 2023 से सितंबर 2023 के दौरान, घरेलू एयरलाइनों द्वारा 112.86 मिलियन यात्रियों को हवाई यात्रा की सेवा प्रदान की गई, जबकि 2022 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 87.42 मिलियन यात्री थी इस प्रकार इसमें 29.10% की वृद्धि दर्ज की गई।

2. जनवरी 2023 से सितंबर 2023 के दौरान, एयरलाइनों ने 45.99 मिलियन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को हवाई यात्रा की सेवा प्रदान की गई, जबकि 2022 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 32.94 मिलियन यात्री थी, इस प्रकार इसमें 39.61% की वृद्धि दर्ज की गई।

3. वायुयान नियम, 1937 में संशोधन [विमान (पहला संशोधन) नियमावली, 2023] 10.10.2023 को राजपत्र में प्रकाशित हुआ, जो कि विमानन सुरक्षा को मजबूत करने और व्यापार करने में सरलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पायलट लाइसेंस की वैधता पांच साल से बढ़ाकर दस साल कर दी गई।

4. नए आरसीएस हवाईअड्डों और मार्गों की शुरुआत: अक्टूबर, 2023 माह में बीस मार्ग प्रारंभ हुए।

5. नागर विमानन मंत्रालय ने विशेष परिस्थितियों में अफगानिस्तान, मंगोलिया, इजिप्ट, तुर्कमेनिस्तान, यूएई, केन्या और बहरीन से चार्टर उड़ानों के प्रचालन की अनुमति दी है।

6. दिनांक 09.10.2023 को नागर विमानन मंत्रालय और ब्रिटिश उच्चायोग, यूनाइटेड किंगडम के बीच बैठक हुई जिसमें दोनों देशों के बीच हवाई सेवा मामलों पर चर्चा के लिए मौजूदा 2005 एएसए को अद्यतन और नवीनीकृत करने और क्षमता अधिकारों के संवर्धन पर चर्चा की गई।

7. शिफोल में स्लॉट क्षमता की कमी और एयर ट्रैफिक मूवमेंट (एटीएम) क्षमता पर चर्चा और जानकारी देने के लिए नीदरलैंड के साथ 20.10.2023 को बैठक की गई। बैठक में, उन्हें शीतकालीन 2023 कार्यक्रम अवधि में, एएमएस को अपने मौजूदा प्रचालन जारी रखने के लिए एआई को आवश्यक स्लॉट आवंटित करने की सलाह दी गई।

8. सचिव, नागर विमानन मंत्रालय और भूटान की शाही सरकार के प्रतिनिधियों के बीच 20.10.2023 को दोनों देशों के बीच हवाई सेवा मामलों पर चर्चा करने के लिए बैठक हुई, जिसमें नागर विमानन मंत्रालय ने उन्हें विमानन मामलों में सभी प्रासंगिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

9. दिनांक 26.10.2023 को एनपीसीआईएल कुकुलम के लिए मदुरै, हवाईअड्डे पर रूस से कंसाइनमेंट के आयात और 5.4 टन खाली ईंधन पैकेजों के निर्यात की सफलतापूर्वक संभलाई की गई।

10. कोविड-19 महामारी के बाद इंदौर हवाईअड्डे पर मूल्यवान वस्तुओं (चांदी के आभूषण) का आयात फिर से शुरू हो गया है, और पहली खेप 22 अक्टूबर, 2023 को बैंकॉक से पहुंची है, जिसका वजन 300 किलोग्राम था।

11. 1839 ड्रोन पंजीकृत किए गए और विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) जारी की गई।

12. 833 रिमोट पायलट सर्टिफिकेट (आरपीसी) जारी किए गए।

13. एक नया दूरस्थ पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) शुरू हुआ।

14. ड्रोनों के लिए छह नए टाइप सर्टिफिकेट जारी किए गए थे।

**<u>नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए)</u>**

**क.** (i) **2622** – जारी की गई उड़ान क्लियरेंस की कुल संख्या (पर्यटक चार्टर उड़ानों सहित)

(ii) **13** – जारी की गई पर्यटक चार्टर उड़ान क्लियरेंस की कुल संख्या

(iii) **06** – नवीकृत की गई एओपी की संख्या (गैर अनुसूचित प्रचालक)

(iv) **12** – विमान के आयात/स्थानीय अधिग्रहण के लिए जारी अनुमतियों की संख्या

(v) **11**– अनुसूचित/गैर-अनुसूचित प्रचालक की एओसी/एओपी पर समर्थित विमानों की संख्या

**ख.** **10** एफएटीए (प्रारंभिक), **24** एफएटीए (विस्तार) और **463** अनुमोदन ओपन रेटिंग सहित **1375** लाइसेंस/रेटिंग जारी किए गए।

**<u>नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस)</u>**

i. हवाईअड्डों के संपादित किये गए सुरक्षा ऑडिटों की संख्या:- **11**
ii. संपादित की गई सुरक्षा निगरानियों/सरप्राइज चैकों की संख्या:- **76**
iii. सुरक्षा प्रणाली की दक्षता का परीक्षण करने के लिए संपादित किए गए सुरक्षा परीक्षण:- **52**
iv. हवाईअड्डों के संपादित किए गए सुरक्षा सर्वेक्षणों की संख्या:- **02**
v. हवाईअड्डों की संपादित की गई सुरक्षा जांच की संख्या:- **99**
vi. **2747** व्यक्तियों के लिए **52** विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपादित किए गए।
vii. **186**एसओपी/निजी/एनएसओपी/एएसपी/कंसेसियानायर/कैटरिंग/आरए/एफएफएसपी/जीआईआईए/ एफटीओ को सुरक्षा कार्यक्रम की स्वीकृति दी गई।

**<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई)</u>**

**क. ग्राहक संतुष्टि सर्वे-** एएआई के 21 हवाईअड्डों और 2 कार्गो टर्मिनलों पर पर ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण सफलतापूर्वक संपादित किया गया।

**ख. हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) सर्वे-** एएआई के 15 हवाईअड्डों पर एएसक्यू सर्वेक्षण सफलतापूर्वक संपादित किया गया।

## एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड

क. बी1 श्रेणी के लिए बी777 विमान का डीजीसीए सह ईएएसए अनुमोदित पाठ्यक्रम, 09 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ।

ख. एआईईएसएल और एचएएल ने 03 अक्टूबर, 2023 को नासिक में ए320, बी737एनजी और बी737एमएएक्स विमानों की पेंटिंग के लिए डीजीसीए की मंजूरी प्राप्त की।

ग. एआईईएसएल ने बी737-एमएएक्स विमान पर एयर इंडिया एक्सप्रेस को लाइन मेंटेनेंस सपोर्ट शुरू किया।

घ. एआईईएसएल ने एमटीओ कक्षाओं को पालम से एवियोनिक्स कॉम्प्लेक्स में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया और 18 अक्टूबर, 2023 को डीजीसीए नागर विमानन अपेक्षाएं147 अनुमोदन प्राप्त किया।

ङ. पुराना हवाईअड्डा, मुंबई में नवीनीकृत इंजन भंडारण क्षेत्र स्थापित किया गया है जो ओईएम की कम आर्द्रता की आवश्यकता को पूरा करता है।

## अलायंस एयर एविएशन लिमिटेड़

क. दिनांक 31.10.2023 की स्थिति के अनुसार अलायंस एयर, 100 दैनिक प्रस्थानों के साथ 60 स्टेशनों पर प्रचालन कर रही है।

ख. बेड़े की क्षमता- एलायंस एयर के पास 18 एटीआर72-600, 2 एटीआर 42-600 विमान और 01 डोर्नियर डीओ 228 का बेड़ा है।

## रेलवे संरक्षा आयोग (सीआरएस)

**क.** आयुक्तों द्वारा 103.37 किमी की लंबाई के लिए दोहरीकरण/बहुल लाइन/नई लाइन/आमान परिवर्तन के नेटवर्क विस्तार संबंधी कार्य के 12 सांविधिक निरीक्षण किए गए और प्राधिकारिताएं जारी की गईं और इस प्रकार वर्ष 2023-24 के दौरान 1135.35 कि.मी. कार्य किया गया।

**ख.** 106 लघु कार्यों को मंजूरी दी गई है और रेलवे बोर्ड की मंजूरी के लिए रोलिंग स्टॉक के 01 मामले की सिफारिश की गई है।

****